**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2609**
**उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024**

## मोबाइल फोन पर आयात शुल्क

**2609. श्री ईश्वरस्वामी के.:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) का मोबाइल फोनों पर आयात शुल्क में कटौती करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) और (ख) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) से मोबाइल फोन पर आयात शुल्क कम करने का ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) केंद्रीय बजट 2024-2025 में सेलुलर मोबाइल फोन पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को 20% से घटाकर 15% कर दिया गया है।

*****